भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *138

<u>दिनांक 28 जुलाई, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

टीआरआईपीएस से छूट

***138. श्री असादुद्दीन ओवैसी :**
श्री सैयद इम्तियाज जलील :

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोरोना के लिए वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से भारत और अन्य विकासशील देशों ने कोविड संबंधी प्रौद्योगिकी, कच्चे माल और घटक पर व्यापार संबंधी बौद्धिक संपदा अधिकारों (ट्रिप्स) से संबंधित पहलुओं से छूट मांगी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या विश्व व्यापार संगठन ने भी विकासशील देशों की इस मांग का समर्थन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या हाल ही में प्रधान मंत्री ने जी-7 देशों को संबोधित किया और इस संबंध में समर्थन मांगा; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ट्रिप्स छूट की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री</u>
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ड.) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'टीआरआईपीएस से छूट' के संबंध में दिनांक 28 जुलाई, 2021 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 138 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) और (ख) : दिनांक 2 अक्तूबर, 2020 को भारत और दक्षिण अफ्रीका ने कोविड-19 के रोकथाम, उपचार और कंटेनमेंट के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार से संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) के करार के कुछ प्रावधानों से छूट के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की टीआरआईपीएस परिषद को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इस प्रस्ताव में पेटेंट, कापीराइट, औद्योगिक डिजाइन और व्यापार संबंधी गोपनीयताओं से संबंधित टीआरआईपीएस करार के कुछ प्रावधानों से, जहां तक वे कोविड-19 के चिकित्सा उत्पादों और प्रौद्योगिकियों की पहुंच में बाधा उत्पन्न करते हैं अस्थायी छूट की मांग की है।

(ग) : डब्ल्यूटीओ में छूट प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के अनुसरण में कुल 63 सदस्यों ने इस प्रस्ताव के सह-प्रायोजक के रूप में ज्वाइन किया। कई अनेक देशों ने समर्थन का संकेत दिया है।

(घ) और (ड.) : जी-7 राष्ट्रों की हाल की बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ने भारत और दक्षिण अफ्रीका द्वारा डब्ल्यूटीओ में प्रस्तुत कोविड से संबंधित चिकित्सा उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के लिए टीआरआईपीएस से छूट प्रस्ताव के लिए उनके समर्थन की मांग की है। वर्तमान में, डब्ल्यूटीओ में टीआरआईपीएस से छूट प्रस्ताव पर पाठ आधारित विचार-विमर्श जारी है।

*****